**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 313**

**मंगलवार, 04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के संरक्षण संबंधी जागरूकता**

**313. श्री पुट्टा महेश कुमारः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान राज्यवार, विशेषकर एलुरू जिले से बौद्धिक सम्पदा (प्रतिलिप्याधिकार, ट्रेडमार्क, एकस्व, भौगोलिक संकेतक और डिजाइन) संबंधी कितने आवेदनों को दायर किया गया, अस्वीकृत किया गया, स्वीकार किया गया और/अथवा पंजीकृत किया गया;

(ख) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान देश में व्यवसाय स्वामियों, कारपोरेट कंपनियों और उद्यमियों (विशेषकर युवाओं और महिलाओं) के बीच बौद्धिक संपदा के पंजीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोई अभियान चलाए हैं; और

(ग) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान इस संबंध में देश में की गई विभिन्न पहलों, आबंटित और उपयोग की गई निधि तथा प्रतिभागियों/लाभार्थियों का राज्यवार एवं आन्ध्र प्रदेश में जिलावार, और विशेषकर एलुरू जिले में, ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) :** विवरण डीपीआईआईटी की वेबसाइट के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है-

**https://dpiit.gov.in/sites/default/files/USQ-313ANX-4.2.25.pdf**

**(ख) और (ग) :** जी, हां। सरकार ने व्यवसाय मालिकों, कॉरपोरेट निकायों और उद्यमियों (विशेष रूप से युवा और महिलाओं) द्वारा बौद्धिक संपदा के पंजीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई पहलें की हैं। इस प्रयोजनार्थ आबंटित धनराशि, इसका उपयोग और संभावित लाभार्थियों का विवरण डीपीआईआईटी की वेबसाइट के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है –
**https://dpiit.gov.in/sites/default/files/USQ-313ANX-4.2.25.pdf**

*****